# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक : 53 वर्ष : त्रयोदश त्रैमासिक जनवरी, 2020


## महाप्रबंधक/निर्माण का नव वर्ष संदेश



प्रिय साथियों,

नव वर्ष 2020 के इस शुभ अवसर पर मैं पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ । ईश्वर से यह भी प्रार्थना करता हूँ कि पिछले वर्ष की तरह यह नया वर्ष भी रेलकर्मियों तथा रेल परिवारों के लिए सुखमय एवं मंगलमय हो और हम सभी अपने निजी एवं विभागीय कार्यों में ज्यादा से ज्यादा प्रगति करें । यह बहुत खुशी की बात है कि निर्माण संगठन ने वर्ष 2019 में अपने सभी कार्यक्षेत्रों में शानदार प्रगति की है और सभी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। मुझे विश्वास है कि हमारा संगठन इस वर्ष भी सभी परियोजनाओं को समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास करेगा । मुझे यह भी आशा है कि हमारे सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने विभागीय कार्यक्षेत्रों में तत्परता और दृढ़ता से कार्य करते हुए अपने सभी कार्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करेंगे । आप जानते हैं कि पूर्वोत्तर राज्यों में चल रही विभिन्न राष्ट्रीय परियोजनाओं और उनसे संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में नियमित रूप से पिछले 13 वर्षों से संवाद पत्र के माध्यम से भी जानकारी दी जाती रही है। संवाद पत्र का मुख्य उद्देश्य संगठन के विभिन्न कार्यक्षेत्रों और उनकी प्रगति का समय-समय पर लेखा-जोखा प्रस्तुत करना है । इसके साथ-साथ निर्माण संगठन मुख्यालय एवं इसकी फील्ड यूनिटों में राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना भी इसका उद्देश्य रहा है । आइए, इस नव वर्ष में हम सब अपने सरकारी और पारिवारिक कार्यों को निष्ठापूर्वक एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पूरा करने का संकल्प लें।

मैं पुन: निर्माण संगठन और आप सभी की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना करता हूँ ।

जय हिंद !

(एन.के. प्रसाद)
महाप्रबंधक/निर्माण

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ का आयोजन



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर उनके प्रति श्रद्धा अर्पित करने के लिए अगियाठोरी रेलवे स्टेशन में दिनांक 02.10.2019 को विशेष स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधि तथा एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग निषेध अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वहां मौजूद लोगों के बीच एकल उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के बदले जूट के बैग वितरित किए गए। इसके बाद अगियाठोरी रेलव स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों से रद्दी प्लास्टिक का संग्रह किया गया एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान चलाया गया। पू. सी. रेल (निर्माण संगठन) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गुवाहाटी के अमीनगांव स्थित 'ईको पार्क' में पौधारोपण भी किया गया।




| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सह संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|---|
| श्री एन. के. प्रसाद | श्री एन. ब्रह्म | श्री एस.जे.मंडल | श्री राजेश रंजन कुमार | श्री नव कुमार राय |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ अनुवादक/नि. |

# 'राष्ट्रीय एकता दिवस'






"राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता" को बनाए रखने के प्रति हमारे समर्पण की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर 2019 को पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के लौहपुरुष और वास्तुकार स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे देश में 144वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के महाप्रबंधक श्री एन. के. प्रसाद ने पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के कर्मचारियों और अधिकारियों को एकता की शपथ दिलाई और सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रतिज्ञा लेने के पूर्व महाप्रबंधक/निर्माण ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि सरदार पटेल ईमानदारी के मिसाल थे।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने भारत को मजबूत बनाने एवं एकजुट रखने के प्रति प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों का भी उल्लेख किया जो कि सरदार पटेल का भी यही मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने इस संबंध में सरदार पटेल के आह्वान के अनुपालन की अपील की।

इस अवसर "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया। श्री प्रसाद ने "रन फोर यूनिटी" के आयोजन को संपन्न करने के लिए हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मुख्यालय परिसर से नामबारी तक की पांच कि.मी. की दूरी तय की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों, अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया। पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन ने अपने सभी परियोजनाओं और कार्यालयों में "एकता दिवस" मनाया। राष्ट्र की एकता के लिए सरदार पटेल द्वारा किए गए प्रयासों को उजागर करने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे महाप्रबंधक (निर्माण) की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग की ओर से सरदार पटेल के जीवन पर आधारित एक "हिंदी क्वीज प्रतियोगिता" भी आयोजित की गई जिसमें निर्माण संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्रूप में श्री के.एन.तालुकदार, उप मुख्य इंजीनियर/नि/योजना/1, श्री राजू दास, उप मुख्य इंजीनियर/ नि/लैंड एण्ड ऑडिट, श्री एस.के. ओझा, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी/ नि तथा श्री सुब्रत चक्रवर्ती/ वरिष्ठ यातायात प्रबंधक/नि थे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2019





महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव कार्यालय में 28 अक्टू बर से 2 नवंबर, 2019 तक छह दिवसीय "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019" मनाया गया। 28 अक्टूबर 2019 को श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ ही "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019" का शुभारंभ हुआ। श्री प्रसाद ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार उन्मूलन, सतर्क रहने तथा अपने देशवासियों को मूल्य आधारित सेवा प्रदान करने के साथ संगठन की प्रतिष्ठा एवं विकास के लिए कार्य करने तथा बिना किसी डर या पक्षपात के अपना कर्तव्य निभाते रहने की शपथ दिलाई। निर्माण संगठन में मुख्यालय सहित सभी फील्ड यूनिटों एवं परियोजना स्थलों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के बीच जागरूकता लाने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन द्वारा भ्रष्टाचार की बुराईयों एवं समाज पर इनके कुप्रभाव को दर्शाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# श्री एन.के. प्रसाद की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 29 अक्टूबर, 2019 को संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि. 1, 2 एवं 3, मुख्य राजभाषा अधिकारी सहित मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ श्री बी. एन. भास्कर, मुख्य इंजीनियर/नि.-1 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। श्री भास्कर ने विगत तिमाही के दौरान राजभाषा के क्रियान्वयन पर संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक के आरंभ में श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने कुल 3 विभागों द्वारा लगाए गए 'राजभाषा प्रदर्शनी' का अवलोकन किया और जनसंपर्क विभाग के फाइलों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार देने की घोषणा की। इस मौके पर श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) द्वारा संवाद-पत्र के 52वें अंक का विमोचन भी किया गया। इस बैठक में तिमाही प्रगति संबंधी पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने किया जिस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इस समिति की बैठक की सफलता आप सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और लिए गए निर्णयों पर उचित कार्रवाई से ही संभव हो पाएगा। महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने आगे कहा कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर अमल करते हुए कुछ विभागों ने राजभाषा के अलावा अन्ये विषयों पर भी हिंदी में प्रेजेंटेशन देने का सिलसिला चालू किया है। ऐसे नए प्रयासों से राजभाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर महोदय ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए और कहा कि सभी विभागों में राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यो को सूचित किया कि सरदार पटेल के जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2019 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया जाए और इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाए तथा उनके जीवनी से संबंधित एक हिंदी क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाए। इस बैठक में महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय के कर-कमलों से श्री सुबीर राय, उप मुख्य इंजी/नि/सुरंग और श्री रितु राज दास, सहा. कार्मिक अधिकारी/नि. को पिछले तिमाही के दौरान हिंदी में तकनीकी प्रेजेंटेशन देने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया।

इस तिमाही बैठक में राजभाषा के अलावा एक अन्य विषय "रेलवे सुरंगों का संक्षिप्त परिचय" पर मानस रंजन महापात्रा, जूनियर इंजीनियर/नि/अभिकल्प विभाग द्वारा हिंदी में तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसकी महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने काफी सराहना की। इस बैठक का संपूर्ण संचालन और धन्यवाद ज्ञापन श्री राजेश रंजन कुमार, राजभाषा अधिकारी/निर्माण ने किया।

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में निर्माण संगठन की सफलता



1 से 8 दिसंबर, 2019 तक तेजपुर में आयोजित 36 वें सोनितपुर "बॉडी बिल्डिंग" प्रतियोगिता में श्री जयंत सैकिया, कार्यालय अधीक्षक/निर्माण संगठन ने "मिस्टर सोनितपुर" की पदवी हासिल की। इस उपलक्ष्य में श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने दिनांक 11.12.2019 को श्री जयंत सैकिया को बधाई दी।

# भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 63वां महापरिनिर्वाण दिवस समारोह





भारतीय संविधान के निर्माता एवं महान नेता भारत रत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर के 63वें महापरिनिर्वाण दिवस के शुभअवसर पर दिनांक 06 दिसंबर 2019 को श्री एन.के. प्रसाद, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण ने पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन मुख्यालय के प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# संविधान दिवस समारोह का आयोजन





भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाए जाने की याद में "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2019 को पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के मुख्यालय तथा निर्माण संगठन के फील्ड यूनिटों में बहुत ही शालीनता से मनाया गया। इस अवसर पर श्री एन.के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा जिसे मुख्यालय, मालीगांव के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोहराया। इस अवसर पर एकत्रित हुए अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि संविधान दिवस उन महान व्यक्तियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने भारत को अपना संविधान प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। श्री प्रसाद ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि भारत एक पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है और भारत का संविधान सभी को अपनी अभिव्यक्ति की आजादी, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता प्रदान करता है। इस अवसर पर उन्होंने भारत के संविधान के निर्माता डॉ बी.आर. अम्बेडकर को भी स्मरण किया। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा 19 नवंबर 2015 को एक गजट में अधिसूचना के माध्यम से इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाये जाने के लिए घोषणा की गई। यह घोषणा 11 अक्टूबर, 2015 को मुम्बई में डॉ बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमूर्ति "Statue of equality" की आधारशिला समारोह के दौरान की गयी थीं।

# हिंदी कार्यशाला का आयोजन

निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिंदी में कार्य करने की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से एक पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला दिनांक 16.12.2019 से 20.12.2019 तक आयोजित की गई। कार्यशाला में हिंदी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, मालीगांव से आमंत्रित प्राध्यापकों द्वारा कर्मचारियों को हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, पत्राचार, हिंदी में टंकण के साथ ही गूगल वाइस टाइपिंग विषय पर विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कुल 27 कर्मचारियों ने भाग लिया।

